/font>

Title: Need to set up Office of DGM of East-West Corridor at Birpuror Supaul for construction of proposed bridge on river Kosi in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार ने ईस्ट-वैस्ट कोरिडोर पोरबन्दर (गुजरात) से सिलचर (आसाम) 3640 किलोमीटर महामार्ग का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2007 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उक्त कोरिडोर में बिहार राज्य के अन्तर्गत एन.एच.-57 के बीच कोसी नदी पर बड़े पुल का निर्माण होना है जिसका निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होना सम्भव प्रतीत नहीं होता है। कोसी नदी पर प्रस्तावित पुल के स्थान तक फिलहाल कोई सड़क की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है।

ईस्ट-वैस्ट कोरिडोर के कार्य के नियंत्रण के लिए एन.एच.ए.आई. ने मुजफ्फरपुर (बिहार) में डी.जी.एम. को पदस्थापित किया है। मुजफ्फरपुर से कोसी नदी पर प्रस्ताि वत पुल तक पहुंचने में यातायात की भारी कठिनाई होगी जिससे इस बड़े प्रोजैक्ट पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता है। अतः सरकार कोसी नदी पर प्रस्तावित पुल के नजदीक बीरपुर या सुपौल में डी.जी.एम. पदस्थापित कराए एवं प्रस्तावित पुल तक जाने के लिए सिमराही एवं भूतहा मोड़ से यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित कराए।